Ì|b09291 53lawreF (English)

|c09291_000_53lawre.xml (Task 178467)

|v1

रविवार का दोपहर सत्र

|v2

जनरल सम्मेलन

|v3

रविवार का दोपहर सत्र

|v4

3 अक्टूबर 2010

|v5

साहसी देखभाल

|v6

पैतृत्व

|v7

परिवार

|v8

बच्चे

|v9

पवित्र आत्मा

|v10

आज्ञाकारिता

|v11

जनरल सम्मेलन

|v12

साहसी देखभाल

|v13

एल्डर लैरी आर. लॉरेन्स द्वारा

|v14

सत्तर के

|v15

वास्तव में संसार को जिस चीज की आवश्यकता है वह है माता और पिता की तरफ से साहसी देखभाल की जो कि बोलने से और फैसला लेने से डरते न हों ।

|v16

आज मैं किशोर और किशोरियों के माता-पिता से बात करना चाहता हूं । आपकी तेज और क्रियाशील युवा पीढ़ी गिरजाघर का भविष्य है, और इसी कारणवश ये शैतान के मुख्य निशाने पर होते हैं । आप में से कई माता-पिता आज इस सम्मेलन को सुन रहे हैं, इन महत्वपूर्ण वर्षों के दौरान अपने बच्चे के निर्देशन में सहायता के लिए प्रार्थना करते हुए । मेरे बड़े पोते-पोतियों ने हाल ही में किशोरावस्था में कदम रखा है, इसलिए विषय मेरे हृदय के पास है । न तो परिपूर्ण माता-पिता हैं और न ही आसान जबाव, परन्तु सच्चाई के कुछ नियम हैं जिनपर हम भरोसा रख सकते हैं ।

|v17

2010
के लिए युवक और युवतियों के पारस्परिक विषय को यहोशू की किताब से लिया गया है । यह आरंभ होता है, ''हियाव बान्धकर दृढ़ हो जा; भय न खा'' (यहोशू 1:9) । धर्मशास्त्र का यह वाक्यांश माता-पिता के लिए भी एक अच्छा विषय है । इन अन्तिम दिनों में, वास्तव में संसार को जिस चीज की आवश्यकता है वह है माता और पिता की तरफ से साहसी देखभाल की जो कि बोलने से और फैसला लेने से डरते न हों ।

|v18

एक क्षण के लिए कल्पना करें कि आपकी बेटी रेल की पटरी पर बैठी हो और आपने गाड़ी के आने की आवाज सुनी । क्या आप उसे पटरी से हटने की चेतावनी देंगे? या आप संकोच करेंगे, परेशान होते हुए कि शायद वह सोचेगी कि आप उसकी सुरक्षा के लिए कुछ ज्यादा की चिन्तित हैं? यदि वह आपकी चेतावनी की उपेक्षा करती है, क्या आप शीघ्र ही उसे एक सुरक्षित स्थान पर नहीं खींच लेंगे? हां, आप ऐसा ही करेंगे! आपकी बेटी के प्रति

आपका प्रेम अन्य सोच-विचारों पर भारी पड़ेगा । आप उसके अस्थाई सदभाव की बजाय उसके जीवन को अधिक महत्व देंगे ।

|v19

हमारे किशोर और किशोरियों की तरफ चुनौतियां और प्रलोभन तेजी से आ रही मालगाड़ी के समान है । जैसा कि हमें पारिवारिक घोषणा में याद दिला या गया है, माता-पिता अपने बच्चों की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार हैं ।1 इसका अर्थ है आत्मिक तौर के साथ-साथ शारीरिक तौर पर भी ।

|v20

मॉरमन की पुस्तक में, हम छोटे अलमा के बारे में पढ़ते हैं जो अपने अड़ियल बेटे को सलाह देता है । जोरमायटियों के बीच प्रचार कार्य करते समय क ोरियन्दन ने कुछ गंभीर गलतियां की थीं । अलमा उससे इतना प्रेम करता था कि समस्या पर उससे सीधे-सीधे बात करता है । उसने अपनी घोर निराश ा व्यक्त की कि उसका बेटा अनैतिक रहा और उसे पाप के गंभीर परिणामों को समझाया था ।

|v21

मैं हर बार प्रेरित होता हूं जब मैं अलमा के इन साहसी शब्दों को पढ़ता हूं: ''और अब परमेश्वर की आत्मा मुझसे कहती हैः अपने बच्चों को अच्छे का म करने की आज्ञा दो … ; इस कारण मेरे बेटे, मैं तुम्हें आज्ञा देता हूं कि परमेश्वर के भय के कारण तुम अपने पापों से हाथ खींच लो'' (अलमा 3 9:12) । उसके पिता द्वारा यह प्रारंभिक हस्तक्षेप कोरियन्दन के लिए एक वापस आने का जरिया बन गया । उसने पश्चाताप किया और इसके पश्चा त विश्वासी होकर सेवा कार्य किया (देखें अलमा 42:31; 43:1–2) ।

|v22

अलमा के उदाहरण के विपरित धर्मशास्त्र में से अन्य पिता का उदाहरण है, पुराने नियम में एली का । भविष्यवक्ता शमूएल के बचपन के दौरान एली ने इस्राएल में उच्च याजक के पद पर कार्य किया था । धर्मशास्त्र समझाते हैं कि प्रभु ने उसे गंभीरतापूर्वक फटकारा था ''क्योंकि उसके पुत्र आप शापि त हुए थे, और उस ने उन्हें नहीं रोका था'' (1 शमूएल 3:13) । एली के पुत्रों ने कभी भी पश्चाताप नहीं किया था, और क्योंकि उनकी मूर्खता के कारण पूरे इस्राएल ने दुख सहा था । एली की कहानी हमें सीखाती है कि माता-पिता जो अपने बच्चों से प्रेम करते हैं वे उनके द्वारा डराए नहीं जा सक ते हैं ।

|v23

कई वर्षों पहले जनरल सम्मेलन में, एल्डर जो जे. क्रिस्टेन्सन ने हमें याद दिलाया था कि ''देखभाल करना लोकप्रिय होने की प्रतियोगिता नहीं है ।''2 उसी आत्मा में, एल्डर रॉबर्ट डी. हेल्स ने आंकलन किया था, ''कभी-कभी हम अपने बच्चों से डर जाते हैं---उनके साथ सलाह करने से डरते कि कहीं वे बुरा न मान जाएं ।''3

|v24

वर्षों पहले हमारा 17
वर्षीय पुत्र अपने मित्रों के साथ सप्ताहान्त के लिए बाहर जाना चाहता था, जो कि सभी अच्छे लड़के थे । उसने जाने की अनुमति मांगी । मैं हां कहना चाहता था, परन्तु किसी कारणवश उस यात्रा के बारे में मैं असुविधा महसूस कर रहा था । मैंने अपनी पत्नी को अपने भावनाओं के बारे में बताया, जो कि बहुत ही सहारा देती थी । ''हमें उस चेतावनीभरी आवाज को सुनना चाहिए,'' उसने कहा ।

|v25

हां, हमारा बेटा निराश हुआ और पूछा था कि हम उसे क्यों जाने नहीं देना चाहते हैं । मैंने ईमानदारी से जबाव दिया कि मैं नहीं जानता क्यों । ''मैं इ सके विषय में अच्छा महसूस नहीं कर रहा हूं,'' मैंने समझाया, ''और मैं तुमसे इतना प्रेम करता हूं कि इन आन्तरिक अनुभूतियों की उपेक्षा नहीं कर

सकता ।'' मैं चकित हुआ जब उसने कहा था, ''ठीक है, पापा । मैं समझता हूं ।''

|v26

युवा लोग हमारी समझ से अधिक समझते हैं क्योंकि उनके पास भी पवित्र आत्मा का उपहार है । वे आत्मा को पहचानने का प्रयास करते हैं जब वह ब ोलता है, और वे हमारे उदाहरण को देखते हैं । हमसे वे उसकी फुसफुसाहटों पर ध्यान देना सीखते हैं---कि यदि वे ''किसी चीज के बारे में अच्छा मह सूस नहीं करते हैं,'' अच्छा है कि उसके लिए राजी न हों ।

|v27

जब देखभाल करनेवाले निर्णय लेने हो तब यह महत्वपूर्ण हो जाता है कि पति और पत्नी एकमत हों । यदि माता-पिता में से कोई भी किसी विषय पर सुविधाजनक न हो, तब अनुमति नहीं दी जानी चाहिए । यदि कोई एक फिल्म, एक टेलिविजन कार्यक्रम, एक विडियो गेम, एक प्रीतिभोज, एक पहन ावे, एक तैरनेवाले पहनावे, या एक इंटरनेट गतिविधि के विषय में असुविधाजनक हो, एक दूसरे को समर्थन देने और न कहने में साहसी रहें ।

|v28

मैं आप लोगों से एक दुखी मां के पत्र को बाँटना चाहता हूं । अंततः उसके किशोर पुत्र ने आत्मा को खो दिया और गिरजाघर गतिविधि से दूर हो गया । उसने समझाया कि ऐसा कैसे हुआ थाः ''मेरे बेटे के किशोरावस्था के दौरान, मैं चिन्तित थी और उसे हिंसक विडियो गेम को खेलने से मना करने का प्रयास किया था । मैंने अपने पति से बात की और उन्हें *एन्साइन* और अखबार में छपे लेख दिखाए जिसमें इस प्रकार के खेलों के विषय में चेताव नी दी गई थी । परन्तु मेरे पति ने इसमें कोई खराबी महसूस नहीं की उन्होंने कहा कि हमारा बेटा किसी प्रकार के व्यसन में नहीं पड़ा है और यह कि मैं चिन्ता करना छोड़ दूँ । कभी-कभी ऐसा भी होता था कि मैं गेम के नियंत्रणों को छुपा देती थी, और मेरे पति उन्हें वापस दे देते थे । लड़ने की बज ाय ... इसे छोड़ देना मेरे लिए आसान हो गया था । वास्तव में मेरा विचार से है मादक पदार्थों के समान विडियो गेम भी एक प्रकार का व्यसन है । इ स प्रकार का अनुभव न हो इसलिए इसके रोकथाम में मैं अन्य माता-पिता के लिए कुछ भी कर सकती हूं ।

|v29

भाइयों और बहनों, यदि आपका साथी किसी भी विषय पर अच्छा महसूस नहीं करता है या करती है, उन अनुभूतियों के प्रति आदर व्यक्त करें । कह ने और कुछ न करते हुए बचने का जब आप आसान तरीका खोज लेते हैं, शायद आप विनाशी आचरण का समर्थन कर रहे होते हैं ।

|v30

अपने बच्चों को रोमानी संबंधों में न पड़ने की सलाह देते हुए जब तक कि वे विवाह योग्य न हो जाएं, यह सीखाने के द्वारा माता-पिता अधिकतर परेश ानियों से बच सकते हैं । परिपक्वता के पहले लड़के-लड़की का संबंध खतरनाक हो सकता है । एक ''जोड़ा'' बनने से भावनात्मक घनिष्ठता बढ़ती है, जो अक्सर ही शारीरिक घनिष्ठता में बदल जाती है । शैतान इस सिलसिले को जानता है और इसका उपयोग अपने फायदे के लिए करता है । युवकों को मिशन पर जाने से दूर रखने और वे मन्दिर विवाह न कर सकें इसके लिए वह कुछ भी कर सकता है ।

|v31

यह अनिवार्य है कि शैतान सफल हो सके इसके पहले माता-पिता के पास बोलने और हस्तक्षेप करने का साहस हो । अध्यक्ष बोएड के. पैकर ने सीखा या था कि ''जब नश्वरता शामिल होती है, एक चेतावनीभरी आवाज उठाने के लिए हमारे पास *अधिकार* और *दायित्व* दोनों ही है ।''4

|v32

मेरा हमेशा से मानना है कि देर रात में वास्तव में कुछ अच्छा नहीं होता है और युवा लोगों को जानने की आवश्यकता है कि किस समय उन्हें वापस घ र आ जाना चाहिए ।

|v33

यह बहुत ही समझदारी का प्रदर्शन करता है जब माता-पिता जगते हैं और अपने बच्चों के वापस घर आने का इन्तजार करते हैं । युवक और युवतियां बहुत ही बेहतर चुनाव कर सकते हैं जब वे जानते हैं कि उनके माता-पिता उनकी शाम की गतिविधियों के बारे में जानने और उनके शुभ रात्रि के चुंबन की प्रतीक्षा कर रहे होते हैं ।

|v34

क्या मैं एक प्रथा के विषय में अपनी व्यक्तिगत चेतावनी व्यक्त कर सकता हूं जो कि कई संस्कृतियों में समान है । मैं संदर्भ कर रहा हूं किसी मित्र के घर पर रात व्यतीत करने की । एक धर्माध्यक्ष के रूप में मैंने पाया कि कई युवाओं ने ज्ञान के शब्द का या शुद्धता के कानून का एक रात व्यतीत करने के रूप में उल्लंघन किया था । अक्सर ही अशलीलता के प्रति उनका पहला प्रदर्शन और यहां तक कि पुलिस के साथ उनका पहला आमना-सामना बार-बार होता है जब वे अपने घर से दूर रात व्यतीत करते हैं ।

|v35

मित्रों का दबाव अधिक शक्तिशाली हो जाता है जब हमारे बच्चे हमारे प्रभाव से दूर होते हैं और जब उनकी सुरक्षा देर रात में कमजोर पड़ जाती है । यदि कभी भी आपने पूरी रात्रि गतिविधि के विषय में असहज महसूस किया हो, उस आन्तरिक चेतावनीभरी आवाज के प्रति जबावदेही से न डरें । सदैव प्रार्थनापूर्ण रहें जब आपके मूल्यवान बच्चों की सुरक्षा का सवाल आता है ।

|v36

साहसी देखभाल में सदा ना कहना ही शामिल नहीं होता है । आधुनिक-दिन के भविष्यवक्ताओं के सलाह को हां कहने का साहस भी माता-पिता में होना चाहिए । हमारे गिरजाघर के मार्गदर्शकों ने हमारे घरों में धार्मिक तरीकों को स्थापित करने की सलाह दी है । उन पाँच मूल प्रथाओं पर विचार करें जिसमें हमारे युवाओं को मजबूत करने की शक्ति होः पारिवारिक प्रार्थना, पारिवारिक धर्मशास्त्र अध्ययन, पारिवारिक घरेलु संध्या, एक साथ परिवार का रात्रिभोज, और प्रत्येक बच्चे के साथ एक-एक कर निरंतर साक्षात्कार करना ।

|v37

बच्चे जो भी काम कर रहे होते हैं वहां से उन्हें एकत्रित करना और परिवार के रूप में घुटने टेककर एक साथ प्रार्थना करना साहसी काम है । टेलिविजन और कंप्यूपर को बन्द करना और हर दिन धर्मशास्त्रों के पृष्ठों के अनुसार अपने परिवार का मार्गदर्शन करना साहसी काम है । सोमवार की शाम के अन्य निमंत्रणों को अस्वीकार करना साहसी काम है ताकि आप उस शाम को अपने परिवार के लिए बचाकर रख सकें । हद से अधिक काम करने से बचना साहसी और इच्छाशक्ति का काम है ताकि आपका परिवार रात्रिभोज के लिए घर पर रह सके ।

|v38

अपने बेटों और बेटियों को प्रभावित करने के अत्याधिक प्रभावी तरीकों में से एक है नीजि रूप से उनका साक्षात्कार करते हुए उन्हें सलाह देना । ध्यान पूर्वक सुनने के द्वारा, हम उनके मन की इच्छाओं को जान सकते हैं, धार्मिक उद्देश्यों को रखने में उनकी सहायता कर सकते हैं, और आत्मिक प्रभावों को उनके साथ बांट सकते हैं जिसे हमने उनके विषय में प्राप्त किया हो । सलाह देने में साहस की आवश्यकता है ।

|v39

कल्पना करने का प्रयास करें कि उभरती पीढ़ी क्या बन सकती है यदि इन पाँच धार्मिक तरीकों का हर घर में निरन्तर अभ्यास हो । हमारे युवा लोग इलामन की सेना के समान होंगेः अपराजेय (देखें अलमा 57:25--26) ।

|v40

अन्तिम दिनों में किशोर और किशोरियों की देखभाल करना एक बहुत ही विनम्र काम है । शैतान और उसके अनुयाई इस पीढ़ी को नीचे गिराने का प्रयास कर रहे हैं; प्रभु उनके पालन-पोषण के लिए साहसी माता-पिता को शामिल कर रहा है । अभिभावक, ''हियाव बान्धकर दृढ़ हो जाएं; भय न खाएं'' (यहोशू 1:9) । मैं जानता हूँ कि परमेश्वर सुनता है और आपकी प्रार्थनाओं का उत्तर देगा । मैं गवाही देता हूं कि प्रभु सहारा देता है और साहसी माता-पिता को आशीषित करता है । यीशु मसीह के नाम में, आमीन ।

|v41

विवरण

|v42

1.

|v43

देखें ''परिवारः दुनिया के लिए एक घोषणा,'' लियाहोना, अक्टू. 2004, 49 ।

|v44

2.

|v45

जो जे. क्रिस्टेन्सन, "Rearing Children in a Polluted Environment," *एन्साइन,* नवं. 1993, 11 ।

|v46

3.

|v47

रॉबर्ट डी. हेल्स, "With All the Feeling of a Tender Parent: A Message of Hope to Families," लियाहोना, मई 2004, 90 ।

|v48

4.

|v49

बोएड के. पैकर, “Our Moral Environment,” *एन्साइन* , मई 1992, 67 ।

|v50

लियाहोना

|v51

नवंबर 2010